राजस्थान सरकार

स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान जयपुर

(जी–3, राजमहल रेजीडेन्सी ऐरिया, सिविल लाईन फाटक के पास, 22 गोदाम, जयपुर)

टेलीफैक्स नं. 0141–2222403, 2229314 ईमेल–addlblsg@gmail.com

क्रमांक : भूमि / एफ7(ड)(जनरल) / स.बा.वि.से. / डीएलबी / 22 / 13529–535 दिनांक : 18/11/22

उपनिदेशक (क्षेत्रीय),
स्थानीय निकाय विभाग,
समस्त राजस्थान।

विषय :– शहरी क्षेत्रों में किराये के भवनों में संचालित प्रत्येक आंगनबाडी केन्द्र हेतु नजदीकी सामुदायिक भवन में एक या दो कक्षों की एनओसी अथवा अनुपलब्धता की स्थिति में निःशुल्क भूमि आवंटन करने से संबंधित सूचना Google Drive पर Update करने बाबत्।

प्रसंग :– निदेशक, समेकित बाल विकास सेवाएँ, राज0 जयपुर के पत्रांक 214173 दिनांक 17.11.2022 के द्वारा आयोजित बैठक सूचना एवं पूर्व में आपको प्रेषित अर्द्ध शासकीय पत्र क्रमांक 11617–23 दिनांक 21.09.2022 के क्रम में।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक पत्रों के क्रम में लेख है कि समेकित बाल विकास सेवाएँ अर्न्तत संचालित पोषण अभियान में राज्य पोषण अभिसरण समिति (State Nutrition Convergence Committee) की **बैठक माननीय मुख्य सचिव महोदया की अध्यक्षता में दिनांक 23.11.2022 को आयोजित की जा रही है। इस संबंध में आपको अर्द्ध शासकीय पत्र भी जारी किया गया है।**

विभागीय पत्र दिनांक 10.08.2022 के द्वारा समस्त नगरीय निकायों को किराये के भवनों में संचालित आंगनबाडी केन्द्रों के लिए उनके नजदीकी सामुदायिक भवन में एक या दो कमरों की एनओसी एवं सामुदायिक भवन अनुपलब्ध होने की स्थिति में भवन निर्माण हेतु 600 वर्गफीट भूमि का निःशुल्क आवंटन स्थानीय स्तर पर प्राथमिकता से करने एवं **विभागीय पत्र दिनांक 22.08.2022 के द्वारा इस संबंध में सूचना विभाग द्वारा प्रसारित Google Drive पर Update करने हेतु निर्देशित किया है।**

अतः इस संबंध में आपको निर्देशित किया जाता है कि आंगनबाडी केन्द्रों की सूचना विभाग द्वारा प्रसारित Google Drive Link पर आपके अधीनस्थ नगरीय निकायों से आज ही अद्यतन कराया जाना सुनिश्चित करे।

(हृदेश कुमार शर्मा)
निदेशक एवं सयुंक्त सचिव

क्रमांक : भूमि / एफ7(ड)( )डीएलबी / 2022 / 13536–13778 दिनांक : 18/11/22

प्रतिलिपिः–सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

01. निजी सचिव, **शासन सचिव** महोदय, स्वायत्त शासन विभाग, जयपुर।
02. **समस्त आयुक्त / अधिशाषी अधिकारी,** नगर (निगम/) परिषद / **पालिका, समस्त राजस्थान को भेजकर लेख है** कि आंगनबाडी केन्द्रों की सूचना विभाग द्वारा प्रसारित Google Drive Link पर आज ही अद्यतन किया जाना सुनिश्चित करे।
03. सयुंक्त निदेशक, IT Cell, निदेशालय को विभागीय Website पर अपलोड़ करने हेतु।
04. सुरक्षित पत्रावली।

(हृदेश कुमार शर्मा)
निदेशक एवं सयुंक्त सचिव